**Series SSO/2**

Code No. **61/2/1**

कोड नं.

Roll No.

रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# HISTORY

# इतिहास

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

**General Instructions :**

(i) Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.

(ii) Answers to questions carrying **2** marks (Part A – Questions no. 1 to 5) should not exceed **30** words each.

(iii) Answers to questions carrying **5** marks (Part B – Section I, II, III – Questions no. 6 to 16) should not exceed **100** words each.

(iv) Answers to questions carrying **8** marks (Part C – Questions no. 17 and 18) should not exceed **250** words each.

(v) Part D has questions based on three sources.

(vi) Attach the maps with the answer scripts (Part E).

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं ।

(ii) **2** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड क – प्रश्न सं. 1 से 5) का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iii) **5** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ख – भाग I, II, III – प्रश्न सं. 6 से 16) का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) **8** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ग – प्रश्न सं. 17 और 18) का उत्तर **250** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) खण्ड घ के प्रश्न तीन स्रोतों पर आधारित हैं ।

(vi) मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए (खण्ड य) ।

## PART A
## खण्ड क

*Answer **all** the questions given below.*
*नीचे दिये **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

1. Mention any two strategies adopted by Brahmanas for enforcing the norms prescribed for different varnas. 2
ब्राह्मणों द्वारा विभिन्न वर्णों के लिए निर्धारित नियमों का पालन करवाने के लिए अपनाई गई किन्हीं दो नीतियों का उल्लेख कीजिए ।

2. Mention how the successors of Krishnadeva Raya were troubled by the rebellious Nayakas and military chiefs after his death. 2
कृष्णदेव राया की मृत्यु के पश्चात् उसके उत्तराधिकारियों को विद्रोही नायकों तथा सेनापतियों की चुनौतियों का किस प्रकार सामना करना पड़ा ? उल्लेख कीजिए ।

3. How were the village artisans compensated by the villagers for their specialised services ? State two ways. 2
ग्रामीणों द्वारा ग्रामीण दस्तकारों को उनकी विशेष सेवाओं की अदायगी किस प्रकार दी जाती थी ? दो तरीके लिखिए ।

4. State how did the Santhals reach the Rajmahal hills. 2
संथाल लोग राजमहल की पहाड़ियों में कैसे पहुँचे ?

5. How did the introduction of railways in 1853 mean a change in the fortunes of the towns ? Give two examples. 2
1853 में रेलवे की शुरुआत ने शहरों की किस प्रकार काया पलट दी ? दो उदाहरण दीजिए ।

## PART B
## खण्ड ख

### SECTION I
### भाग I

*Answer any **three** of the following questions.*
*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

6. Describe the transformation of material culture of the Harappans after 1900 BCE. 5
1900 ई.पू. के बाद के हड़प्पा के लोगों की भौतिक संस्कृति में आए बदलाव का वर्णन कीजिए ।

7. Describe what do we know about Samudragupta from the Allahabad Pillar inscription composed in Sanskrit by Harishena. 5

हरिषेण द्वारा संस्कृत में रचित इलाहाबाद स्तम्भ लेख से समुद्रगुप्त के बारे में हमें क्या पता चलता है ? वर्णन कीजिए ।

8. "According to the Shastras only Kshatriyas could be Kings." Do you agree with this or not ? Support your answer with evidences. 5

"शास्त्रों के अनुसार केवल क्षत्रिय ही राजा बन सकते थे ।" क्या आप इससे सहमत हैं या नहीं ? साक्ष्यों सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

9. Explain the reasons for the rapid growth of Buddhism during the lifetime and after the death of Buddha. 5

बुद्ध के जीवनकाल में और उनकी मृत्यु के पश्चात् बौद्ध धर्म के तेज़ी से फैलने के कारणों की व्याख्या कीजिए ।

## SECTION II

## भाग II

*Answer any **two** of the following questions.*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

10. Explain how Bernier and other contemporary European travellers and writers described the economic and social condition of Indian women. 5

बर्नियर एवं अन्य समकालीन यूरोपीय यात्रियों तथा लेखकों द्वारा वर्णित भारतीय महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति की व्याख्या कीजिए ।

11. Describe the qualities of Abu'l Fazl which impressed Akbar to appoint him as his advisor and spokesperson. Mention his most famous book. 4+1=5

अबुल फ़ज़्ल के उन गुणों का वर्णन कीजिए, जिनसे प्रभावित होकर अकबर ने उनको अपना सलाहकार और अपना प्रवक्ता नियुक्त किया । उसके एक प्रमुख ग्रन्थ का नाम लिखिए ।

12. Explain why granting of titles to 'men of merit' was an important feature of Mughal polity. Give two examples. 3+2=5

'योग्य व्यक्तियों' को पदवियाँ देना मुगल राज्यतन्त्र की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता क्यों थी ? स्पष्ट कीजिए तथा दो उदाहरण दीजिए ।

## SECTION III

## भाग III

*Answer any* ***three*** *of the following questions.*

*निम्नलिखित में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

**13.** Explain why many groups in Britain opposed the monopoly of the East India Company over the trade with India and China. *5*

ब्रिटेन के अनेक समूह भारत तथा चीन के साथ व्यापार पर ईस्ट इंडिया कंपनी के एकाधिकार का विरोध क्यों करते थे ? स्पष्ट कीजिए ।

**14.** "Lord Dalhousie's annexations created disaffection in all the areas and principalities that were annexed by him." Justify the statement giving proper evidences with special reference to Awadh. *5*

''लॉर्ड डलहौज़ी द्वारा किए गए अधिग्रहण से सभी क्षेत्रों और रियासतों में गहरा असंतोष था ।'' इस कथन का औचित्य निर्धारित कीजिए तथा विशेषकर अवध के संदर्भ में उचित साक्ष्य प्रस्तुत कीजिए ।

**15.** Examine the recommendations of the Cabinet Mission, 1946 to examine the legalities of the demands of the Indian National Congress and the demands of the Muslim League. *5*

1946 में ब्रिटिश मंत्रिमण्डल द्वारा मुस्लिम लीग व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की माँगों की वैधता की समीक्षा के लिए एक मिशन भेजा गया । उसकी सिफारिशों की संक्षेप में समीक्षा कीजिए ।

**16.** Explain the views of N.G. Ranga on 'Objectives Resolution' introduced by Jawahar Lal Nehru. *5*

जवाहर लाल नेहरू द्वारा प्रस्तावित 'उद्देश्य प्रस्ताव' के सम्बन्ध में एन.जी. रंगा के विचारों की व्याख्या कीजिए ।

## PART C

## खण्ड ग

**17.** Explain the teachings of Guru Nanak. Did he want to establish a new religion ? What happen after he left for his heavenly abode ? *4+1+3=8*

**OR**

Explain the popular practices of Islamic traditions. *8*

गुरू नानक की शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए । क्या वे एक नए धर्म की स्थापना करना चाहते थे ? उनके पश्चात् क्या हुआ ?

**अथवा**

लोक प्रचलन में इस्लाम की परंपराओं की व्याख्या कीजिए ।

**18.** How can we reconstruct the political career of Gandhiji ? Explain with the help of public voice and private scripts.

**OR**

Why was salt the symbol of protest according to Gandhiji ? Explain.

गांधीजी के राजनीतिक सफर की पुनः रचना कैसे कर सकते हैं ? जनमत और निजी लेखों की सहायता से व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

गांधीजी के अनुसार नमक विरोध का प्रतीक क्यों था ? व्याख्या कीजिए ।

## PART D (Source Based Questions)
## खण्ड घ (स्रोत आधारित प्रश्न)

*Read the following extracts (questions no. 19 to 21) carefully and answer the questions that follow.*

*निम्नलिखित अनुच्छेदों (प्रश्न सं. 19 – 21) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**19. Life in a small village**

The *Harshacharita* is a biography of Harshavardhana, the ruler of Kanauj, composed in Sanskrit by his court poet, Banabhatta (*c.* seventh century CE). This is an excerpt from the text, an extremely rare representation of life in a settlement on the outskirts of a forest in the Vindhyas.

The outskirts being for the most part forest, many parcels of rice-land, threshing ground and arable land were being apportioned by small farmers ... it was mainly spade culture ... owing to the difficulty of ploughing the sparsely scattered fields covered with grass, with their few clear spaces, their black soil stiff as black iron ...

> There were people moving along with bundles of bark ... countless sacks of plucked flowers, ... loads of flax and hemp bundles, quantities of honey, peacocks' tail feathers, wreaths of wax, logs, and grass. Village wives hastened en route for neighbouring villages, all intent on thoughts of sale and bearing on their heads baskets filled with various gathered forest fruits.

(i) Describe the life of the people on the outskirts of a forest in the Vindhyas. *3*

(ii) How did the people of the village earn their living ? *2*

(iii) Describe the information we get from the inscriptions about land grants. *3*

**OR**

**Rules for monks and nuns**

These are some of the rules laid down in the *Vinaya Pitaka* :

> When a new felt (blanket/rug) has been made by a *bhikkhu*, it is to be kept for (at least) six years. If after less than six years he should have another new felt (blanket/rug) made, regardless of whether or not he has disposed of the first, then – unless he has been authorised by the *bhikkhus* – it is to be forfeited and confessed.
>
> In case a *bhikkhu* arriving at a family residence is presented with cakes or cooked grain-meal, he may accept two or three bowlfuls if he so desires. If he should accept more than that, it is to be confessed. Having accepted the two or three bowlfuls and having taken them from there, he is to share them among the *bhikkhus*. This is the proper course here.
>
> Should any *bhikkhu*, having set out bedding in a lodging belonging to the *sangha* – or having had it set out – and then on departing neither put it away nor have it put away, or should he go without taking leave, it is to be confessed.

(i) Describe the rules prescribed for a bhikkhu when a new blanket was made by him. Was it justified ? *3*

(ii) Explain the rules for going to bhiksha at the door of someone. 3

(iii) Explain the rule for punishing the bhikkhu going without leave. 2

**एक छोटे गाँव का जीवन**

*हर्षचरित* संस्कृत में लिखी गई कन्नौज के शासक हर्षवर्धन की जीवनी है, इसके लेखक बाणभट्ट (लगभग सातवीं शताब्दी ई.) हर्षवर्धन के राजकवि थे । यह उस ग्रंथ का एक अंश है । इसमें विंध्य क्षेत्र के जंगल के किनारे की एक बस्ती के जीवन का एक अतिविरल चित्रण किया गया है :

बस्ती के किनारे का अधिकांश क्षेत्र जंगल है और यहाँ धान की उपज वाली, खलिहान और उपजाऊ भूमि के हिस्सों को छोटे किसानों ने आपस में बाँट लिया है... जहाँ के अधिकांश लोग कुदाल का प्रयोग करते हैं... क्योंकि घास से भरी भूमि में हल चलाना मुश्किल है । बहुत कम हिस्से साफ़ हैं, जो हैं भी उसकी काली मिट्टी काले लोहे जैसी सख्त है ।

जहाँ लोग पेड़ की छाल के गट्ठर लेकर चलते हैं... तोड़े हुए फूलों से भरे अनगिनत बोरे... अलसी और सन के गट्ठर, भारी मात्रा में शहद, मोरपंख, मोम, लकड़ी और घास के बोझ लेकर आते-जाते रहते हैं । ग्रामीण महिलाएँ रास्ते में बसे गाँवों में जाकर बेचने को तत्पर रहती हैं । उनके सिरों पर जंगल से एकत्र किए गए फलों की टोकरियाँ थीं ।

(i) विंध्य क्षेत्र के जंगल के किनारे रहने वाले लोगों के जीवन का वर्णन कीजिए । 3

(ii) गाँव के लोग अपनी जीविका किस प्रकार कमाते थे ? 2

(iii) अभिलेखों से मिली भूमिदान सम्बन्धी सूचनाओं का वर्णन कीजिए । 3

**अथवा**

**भिक्षुओं और भिक्खुनियों के लिए नियम**

ये नियम *विनय पिटक* में मिलते हैं :

जब कोई भिक्खु एक नया कंबल या गलीचा बनाएगा तो उसे इसका प्रयोग कम-से-कम छः वर्षों तक करना पड़ेगा । यदि छः वर्ष से कम अवधि में वह बिना भिक्खुओं की अनुमति के एक नया कंबल या गलीचा बनवाता है तो चाहे उसने अपने पुराने कंबल/गलीचे को छोड़ दिया हो या नहीं – नया कंबल या गलीचा उससे ले लिया जाएगा और इसके लिए उसे अपराध स्वीकरण करना होगा ।

यदि कोई भिक्खु किसी गृहस्थ के घर जाता है और उसे टिकिया या पके अनाज का भोजन दिया जाता है तो यदि उसे इच्छा हो तो वह दो से तीन कटोरा भर ही स्वीकार कर सकता है । यदि वह इससे ज़्यादा स्वीकार करता है तो उसे अपना 'अपराध' स्वीकार करना होगा । दो या तीन कटोरे पकवान स्वीकार करने के बाद उसे इन्हें अन्य भिक्खुओं के साथ बाँटना होगा । यही सम्यक आचरण है ।

यदि कोई भिक्खु जो संघ के किसी विहार में ठहरा हुआ है, प्रस्थान के पहले अपने द्वारा बिछाए गए या बिछवाए गए बिस्तरे को न ही समेटता है, न ही समेटवाता है, या यदि वह बिना विदाई लिए चला जाता है तो उसे अपराध स्वीकरण करना होगा ।

(i) जब कोई भिक्खु एक नया कंबल बनाता था तो उसके लिए बनाए नियमों का वर्णन कीजिए । क्या यह उचित था ? *3*

(ii) जब कोई भिक्खु किसी परिवार के घर जाता था तो उसे जिन नियमों का पालन करना पड़ता था उनको स्पष्ट कीजिए । *3*

(iii) जो भिक्खु विहार से बिना आज्ञा लिए जाता था तो उसके दंड की क्या व्यवस्था थी ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**The bazaar**

Paes gives a vivid description of the bazaar :

> Going forward, you have a broad and beautiful street ... In this street live many merchants, and there you will find all sorts of rubies, and diamonds, and emeralds, and pearls, and seed-pearls, and cloths, and every other sort of thing there is on earth and that you may wish to buy. Then you have there every evening a fair where they sell many common horses and nags, and also many citrons, and limes, and oranges, and grapes, and every other kind of garden stuff, and wood; you have all in this street.

More generally, he described the city as being "the best-provided city in the world" with the markets "stocked with provisions such as rice, wheat, grains, India corn and a certain amount of barley and beans, moong, pulses and horse-gram" all of which were cheaply and abundantly available. According to Fernao Nuniz, the Vijayanagara markets were "overflowing with abundance of fruits, grapes and oranges, limes, pomegranates, jackfruit and mangoes and all very cheap". Meat too was sold in abundance in the marketplaces. Nuniz describes "mutton, pork, venison, partridges, hares, doves, quail and all kinds of birds, sparrows, rats and cats and lizards" as being sold in the market of Bisnaga (Vijayanagara).

(i) Describe the bazaar and beautiful street and any other such street you have seen.

(ii) How can you grade a city as the best city ? Explain with example.

(iii) Give a brief description of Vijayanagara markets as observed by Fernao Nuniz.

## OR

**Declining a royal gift**

This excerpt from a sufi text describes the proceedings at Shaikh Nizamuddin Auliya's hospice in 1313 :

> I (the author, Amir Hasan Sijzi) had the good fortune of kissing his (Shaikh Nizamuddin Auliya's) feet ... At this time a local ruler had sent him the deed of ownership to two gardens and much land, along with the provisions and tools for their maintenance. The ruler had also made it clear that he was relinquishing all his rights to both the gardens and land. The master ... had not accepted that gift. Instead, he had lamented: "What have I to do with gardens and fields and lands ? ... None of ... our spiritual masters had engaged in such activity."
>
> Then he told an appropriate story: "... Sultan Ghiyasuddin, who at that time was still known as Ulugh Khan, came to visit Shaikh Fariduddin (and) offered some money and ownership deeds for four villages to the Shaikh, the money being for the benefit of the dervishes (sufis), and the land for his use. Smiling, Shaikh al Islam (Fariduddin) said: 'Give me the money. I will dispense it to the dervishes. But as for those land deeds, keep them. There are many who long for them. Give them away to such persons.' "

(i) Explain the contents of the deed sent by the king to the Rev. Shaikh Nizamuddin Auliya.

(ii) Why did the Shaikh Sahib decline to have the gift ?

(iii) What did the Shaikh advise to do with the gifts ?

**बाज़ार**

पेस बाज़ार का एक सजीव विवरण देता है :

> आगे जाने पर एक चौड़ी और सुंदर गली पाते हैं. इस गली में कई व्यापारी रहते हैं और वहाँ आप सभी प्रकार के माणिक्य, और हीरे, और पन्ने, और मोती, और छोटे-मोती, और वस्त्र, और पृथ्वी पर होने वाली हर वस्तु जिसे आप खरीदना चाहेंगे, पाएँगे । फिर हर शाम को आप एक मेला देख सकते हैं जहाँ से कई सामान्य घोड़े तथा टट्टू और कई तुरंज और नींबू और संतरे और अंगूर और उद्यान में उगने वाली हर प्रकार की वस्तुएँ और लकड़ी मिलती है : इस गली में आप हर वस्तु पा सकते हैं ।

और सामान्य रूप से वह शहर का वर्णन "विश्व के सबसे अच्छे संभरण वाले शहर" के रूप में करता है जहाँ बाज़ार "चावल, गेहूँ, अनाज, भारतीय मकई और कुछ मात्रा में जौ तथा सेम, मूँग, दालें, काला-चना जैसे खाद्य पदार्थों से भरे रहते थे" जो सभी सस्ते दामों पर तथा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहते थे । फर्नाओ नूनिज़ के अनुसार विजयनगर के बाज़ार "प्रचुर मात्रा में फलों, अंगूरों और संतरों, नींबू, अनार, कटहल तथा आम से भरे रहते थे और सभी बहुत सस्ते ।" बाज़ारों में मांस भी बड़ी मात्रा में बिकता था । नूनिज़ उल्लेख करता है कि "भेड़-बकरी का मांस, सूअर, मृगमांस, तीतर-मांस, खरगोश, कबूतर, बटेर और सभी प्रकार के पक्षी, चिड़ियाँ, चूहे तथा बिल्लियाँ और छिपकलियाँ" बिसनग (विजयनगर) के बाज़ारों में बिकती थीं ।

(i) बाज़ार का और सुन्दर गली का वर्णन कीजिए तथा इस प्रकार की कोई अन्य गली जो आपने देखी हो उसका भी वर्णन कीजिए । 4

(ii) आप किसी शहर को सबसे अच्छा शहर किस आधार पर कह सकते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए । 2

(iii) फर्नाओ नूनिज़ द्वारा देखे गए विजयनगर बाज़ारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 2

**अथवा**

**शाही भेंट अस्वीकार**

यह उद्धरण सूफ़ी ग्रंथ से है जो शेख निज़ामुद्दीन औलिया की ख़ानक़ाह में 1313 में हुई घटना का वर्णन करता है :

> मेरी (अमीर हसन सिजज़ी) अच्छी किस्मत थी कि मैं उनके (निज़ामुद्दीन औलिया) कदम चूम सका ... इस समय एक स्थानीय शासक ने दो बगीचे और बहुत सी ज़मीन का पट्टा शेख साहब को भेजा है । साथ ही इनके रखरखाव के लिए औज़ार व आवश्यक वस्तुएँ भेजी हैं । शासक ने यह भी साफ किया है कि वह बगीचों और ज़मीन पर अपना हक छोड़ते हैं । गुरु ने ... इस भेंट को नहीं लिया ।

बल्कि वह कहते हैं : इस ज़मीन, खेत और बगीचे का मुझे क्या करना है ?... हमारे कोई भी आध्यात्मिक गुरु ने इस तरह का काम नहीं किया ।''

फिर उन्होंने एक उचित कहानी सुनाई : ...''सुल्तान ग़ियासुद्दीन, जो उस समय उलुग़ ख़ान के नाम से जाने जाते थे, शेख फ़रीदुद्दीन से मिलने आए । उन्होंने शेख को कुछ धनराशि और चार गाँवों का पट्टा भेंट किया । धन दरवेशों के लिए था और ज़मीन शेख के अपने इस्तेमाल के लिए थी । मुस्कुराते हुए शेख-अल-इस्लाम (फ़रीदुद्दीन) ने कहा : मुझे धन दे दो मैं इसे दरवेशों में बाँट दूँगा, पर जहाँ तक ज़मीन के पट्टे का सवाल है उसे उन लोगों को दे दो जिन्हें उनकी कामना है... ।''

(i) एक स्थानीय राजा द्वारा शेख निज़ामुद्दीन औलिया को भेजा गया ज़मीन का पट्टा तथा अन्य उपहारों की व्याख्या कीजिए ।

(ii) शेख निज़ामुद्दीन औलिया ने उपहार को लेने से क्यों मना कर दिया ?

(iii) शेख निज़ामुद्दीन औलिया ने उन उपहारों को किनको देने की सलाह दी ?

**21. What should the qualities of a national language be ?**

A few months before his death Mahatma Gandhi reiterated his views on the language question :

> This Hindustani should be neither Sanskritised Hindi nor Persianised Urdu, but a happy combination of both. It should also freely admit words wherever necessary from the different regional languages and also assimilate words from foreign languages, provided that they can mix well and easily with our national language. Thus our national language must develop into a rich and powerful instrument capable of expressing the whole gamut of human thought and feelings. To confine oneself to Hindi or Urdu would be a crime against intelligence and the spirit of patriotism.
>
> *HARIJANSEVAK,* 12 October 1947

(i) Examine the views of Gandhiji on the language issue. 2

(ii) Do you agree with the views of Gandhiji ? Give reasons. 2

(iii) Explain why Hindi and Urdu started growing apart. 2

**OR**

**The problem with separate electorates**

At the Round Table Conference Mahatma Gandhi stated his arguments against separate electorates for the Depressed Classes :

> Separate electorates to the "Untouchables" will ensure them bondage in perpetuity ... Do you want the "Untouchables" to remain "Untouchables" for ever ? Well, the separate electorates would perpetuate the stigma. What is needed is destruction of "Untouchability", and when you have done it, the bar-sinister, which has been imposed by an insolent "superior" class upon an "inferior" class will be destroyed. When you have destroyed the bar-sinister to whom will you give the separate electorates ?

(i) Explain the views of Gandhiji on separate electorates for depressed classes. *3*

(ii) Explain the views of Ambedkar on separate electorates. *3*

(iii) Compare the views of Gandhiji and Dr. Ambedkar and give your opinion with two reasons. *2*

**राष्ट्रीय भाषा की क्या विशेषताएँ होनी चाहिए ?**

अपनी मृत्यु से कुछ माह पहले महात्मा गांधी ने भाषा के प्रश्न पर अपने विचार दोहराते हुए कहा था :

> यह हिंदुस्तानी न तो संस्कृतनिष्ठ हिन्दी होनी चाहिए और न ही फ़ारसीनिष्ठ उर्दू । यह दोनों का सुंदर मिश्रण होना चाहिए । उसे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं से शब्द खुलकर उधार लेने चाहिए । विदेशी भाषाओं के ऐसे शब्द लेने में, कोई हर्ज नहीं है जो हमारी राष्ट्रीय भाषा में अच्छी तरह से आसानी से घुलमिल सकते हैं । इस प्रकार हमारी राष्ट्रीय भाषा एक समृद्ध और शक्तिशाली भाषा होनी चाहिए जो मानवीय विचारों और भावनाओं के पूरे समुच्चय को अभिव्यक्ति दे सके । खुद को हिन्दी या उर्दू से बाँध लेना देशभक्ति की भावना तथा समझदारी के विरुद्ध एक अपराध होगा ।
>
> *हरिजन सेवक,* 12 अक्तूबर 1947

(i) भाषा के प्रश्न पर गांधीजी के विचारों की समीक्षा कीजिए ।

(ii) क्या आप गांधीजी के विचारों से सहमत हैं ? सकारण लिखिए ।

(iii) हिन्दी और उर्दू एक-दूसरे से दूर क्यों होती गईं ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

**पृथक निर्वाचिका के बारे में समस्या**

गोल मेज सम्मेलन के दौरान महात्मा गांधी ने दमित वर्गों के लिए पृथक निर्वाचिका प्रस्ताव के ख़िलाफ़ अपनी दलील पेश करते हुए कहा था :

> "अस्पृश्यों" के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान करने से उनकी दासता स्थायी रूप ले लेगी ... । क्या आप चाहते हैं कि "अस्पृश्य" हमेशा "अस्पृश्य" ही बने रहें ? पृथक निर्वाचिका से उनके प्रति कलंक का यह भाव और मज़बूत हो जाएगा । ज़रूरत इस बात की है कि "अस्पृश्यता" का विनाश किया जाए और जब आप यह लक्ष्य प्राप्त कर लें तो एक अड़ियल "श्रेष्ठ" वर्ग द्वारा एक "कमतर" वर्ग पर थोप दी गई यह अवैध व्यवस्था भी समाप्त हो जाएगी । जब आप इस अवैध प्रथा को नष्ट कर देंगे तो किसी को पृथक निर्वाचिका की आवश्यकता ही कहाँ रह जाएगी ?

(i) दमित वर्गों के लिए पृथक निर्वाचिका के विषय में गांधीजी के विचार स्पष्ट कीजिए ।

(ii) पृथक निर्वाचिका के विषय में डॉ. अम्बेडकर के विचार स्पष्ट कीजिए ।

(iii) गांधीजी और डॉ. अम्बेडकर के विचारों की तुलना कीजिए और दो कारण देकर अपना निष्कर्ष लिखिए ।

## PART E
## खण्ड य

22. On the given political outline map of **India** (on page 17) mark and label the following Harappan sites :

Lothal, Dholavira, Kalibangan, Rangpur, Banawali.

**OR**

On the given political outline map of **India** (on page 17) mark and label any five centres of the Indian National Movement.

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर हड़प्पा के निम्नलिखित स्थलों को चिह्नित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

लोथल, धौलावीरा, कालीबंगन, रंगपुर, बनावली ।

**अथवा**

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के किन्हीं पाँच केन्द्रों को चिह्नित कीजिए और उनके नाम लिखिए ।

On the given political outline map of **India** (on page 19) two places under Babur's reign and three important places of South India during 14th to 18th century have been marked as 1, 2, 3, 4, 5. Identify them and write their names on the lines drawn near each place. 5

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर बाबर के अधीनस्थ दो स्थान तथा 14वीं से 18वीं शताब्दी के दौरान दक्षिण भारत के तीन महत्त्वपूर्ण स्थल, 1, 2, 3, 4, 5 से चिह्नित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए तथा उनके नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए ।

*te :* *The following questions are only for the Blind Candidates in lieu of the map questions (Q. No. 22 and 23).*

*:* *निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न (प्र. सं. 22 और 23) के स्थान पर हैं ।*

Mention any five Harappan sites. 5

**OR**

Mention five centres of the Indian National Movement.


किन्हीं पाँच हड़प्पा स्थलों का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के किन्हीं पाँच केन्द्रों का उल्लेख कीजिए ।


Write the names of any five places under Babur, Akbar and Aurangzeb in India. 5

भारत में बाबर, अकबर तथा औरंगज़ेब के अधीनस्थ किन्हीं पाँच स्थानों के नाम लिखिए ।


INDIA
AND ADJACENT COUNTRIES
भारत
और पड़ोसी देशों वाला
KILOMETRES
160 0 180 360
SCALE
68° E. of Greenwich
© Government of India Copyright 2001

**INDIA** POLITICAL (Showing States)

**भारत** राजनीतिक (प्रादेशिक सीमाएं दर्शित) और पड़ोसी देशों वाला




For question no. 23

प्रश्न सं. 23 के लिए

© Government of India Copyright 2001